Dainik Bhaskar (Indore), 17th April 2026, Page – 06

ग्रीन जॉब्स की तैयारी : जेईई एडवांस्ड के जरिये 30 छात्रों को मिलेगी एंट्री

आईआईटी शुरू कर रहा है देश का पहला एनवायरनमेंटल इकोनॉमिक्स बीटेक प्रोग्राम

भास्कर संवाददाता | इंदौर

इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (आईआईटी) इंदौर ने एनवायरनमेंटल इकोनॉमिक्स और सस्टेनेबल इंजीनियरिंग में भारत का पहला बीटेक प्रोग्राम लॉन्च किया है। भविष्य की जरूरतों और ग्रीन जॉब्स की बढ़ती मांग को देखते हुए यह कदम उठाया गया है। इसी साल जुलाई से शुरू होने वाले इस कोर्स की पहली बैच में 30 जेईई एडवांस्ड के माध्यम से एडमिशन दिए जाएंगे।

यह देश का पहला ऐसा अंडरग्रेजुएट प्रोग्राम है, जिसमें इंजीनियरिंग के साथ एनवायरनमेंटल इकोनॉमिक्स और क्लाइमेट साइंस इंटीग्रेट है। कोर्स का करिक्यूलम को इस तरह डिजाइन किया गया है कि छात्र वास्तविक दुनिया की चुनौतियों का समाधान कर सकें। पूरा कोर्स एनवायरनमेंटल इकोनॉमिक्स एंड पॉलिसी, एनर्जी सिस्टम्स एंड बैटरी टेक्नोलॉजी और वाटर एंड क्लाइमेट सिस्टम्स में बांटा गया है। प्रो. सुहास जोशी ने बताया, जलवायु संकट हमारी क्षमता निर्माण का इंतजार नहीं करेगा। इसके जरिये हम ऐसे प्रोफेशनल्स तैयार कर रहे हैं, जो वैज्ञानिक समझ को नीतिगत फैसलों में बदल सकें।

ईएसजी और ग्रीन फाइनेंस में मौका

कोर्स में रिन्यूएबल एनर्जी और मैन्युफैक्चरिंग जैसे क्षेत्रों में इंटर्नशिप पर विशेष जोर रहेगा। ग्रेजुएट्स क्लाइमेट टेक्नोलॉजी और सस्टेनेबल इंफ्रास्ट्रक्चर, ईएसजी स्ट्रेटेजी और नीति सलाहकार, ग्रीन फाइनेंस और पर्यावरण निगरानी जैसे सेक्टर में काम कर सकेंगे।